हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



11 जर्जर स्कूल भवन को लेकर फिर भड़के अभिभावक



12 सदर चौड़ीकरण की फाइल कई बार खुली पर योजना धरातल ...



## खबर संक्षेप

### उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदन मंगाए गए

**धमतरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अंतर्गत आटा, दाल मिल, राइस मिल, पोहा मिल, सूजी, रवा, नमकीन मिठाई निर्माण, चिप्स, अचार, बड़ी, पापड़, मसाला उद्योग व दुग्ध आधारित उत्पाद इकाईयों की स्थापना की जा सकती है। इन इकाईयों की स्थापना के लिए पात्रतानुसार 35 प्रतिशत एवं 10 लाख रूपये तक अनुदान उपलब्ध है तथा इसमें व्यक्तिगत उद्यमी आवेदन कर सकते हैं।

### कलेक्टर नम्रता गांधी व विधायक ओंकार साहू कंडेल और शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी छाती, दरबा, बठेना स्कूल पहुंचे

# कहीं उत्साह, कहीं विरोध के बीच हुआ शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूल के पहले दिन उत्साह के साथ बच्चे स्कूल पहुंचे। स्कूलों में गणवेश और पुस्तक वितरण कर छात्रों का स्वागत किया गया। वहीं बेंद्रानवागांव स्कूल में जर्जर भवन को लेकर पालकों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल में ताला जड़ दिया। आश्वासन के बाद ताला खोला गया।

गर्मी की लंबी छुट्टी के बाद बुधवार को सभी स्कूलों को खोला गया। स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित कर नए शिक्षण सत्र का आरंभ किया गया।





स्कूलों में शिक्षकों ने नवप्रवेशित बच्चों का फूलमाला, तिलक व मिठाई से स्वागत किया।

कंडेल के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में कलेक्टर नम्रता गांधी एवं विधायक ओंकार साहू शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी दरबा, छाती और बठेना के स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने छात्रों से चर्चा की। इस दौरान संचालन लोक शिक्षण दिव्या मिश्रा, संयुक्त संचालक राकेश पांडे, उपसंचालक श्री चावरे और जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले उपस्थित थे।

### नाराज पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला

बिंद्रानवागांव में ग्रामीण जर्जर भवन को लेकर नाराज हैं। पिछले शिक्षण सत्र में भी उन्होंने प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करते हुए पालक व छात्रों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। उन्होंने 10 दिन में भवन मरम्मत का कार्य शुरु कराने का आश्वासन दिया तब जाकर पालकों का आक्रोश शांत हुआ।

### शिक्षा से मिलता है उज्जवल भविष्यः नीशु



संबलपुर में शाला प्रवेशोत्सव जिपं उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर की उपस्थिति में हुआ। नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया। जिपं उपाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रवेशोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य स्कूल से बच्चों को जोड़ना है। जो स्कूल आना नहीं चाहते है, उन छात्रों में भी स्कूल के प्रति रूचि जगाना है। शिक्षा से जीवन स्तर सुधरता है। शिक्षा से हमारी पहचान मजबूत होती है और देश का भविष्य सुधरता है। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी एसके मंडल, सरपंच राजेश चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, केआर साहू, भानुप्रताप रामटेके, रेणुका साहू, दीपक साहू, ललित यादव आदि उपस्थित थे।

# दो भाइयों के परिवार में चला चाकू, पत्थर व टंगिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- ग्राम अंवरी की घटना : दोनों पक्ष के लोग हुए घायल

जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवार में जमकर चाकू-टंगिया चला है। इस घटना में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है। कुछ घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस व घायलों के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम अंवरी में पन्नालाल कुर्रे व नारद कुर्रे का परिवार आजू-बाजू रहता है। नारद अपनी जगह पर मकान बना रहा है। गली में छज्जा निकालने की बात पर दोनों भाई पूरे परिवार के साथ मंगलवार की सुबह आपस में भिड़ गए। चाकू, गैंती, टंगिया, पत्थर से एक दूसरे पर हमला किया गया। इस घटना में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है।



जिला अस्पताल में भर्ती हरिकेश कुर्रे पिता नारद व उसके भाई टिकेश्वर कुर्रे ने बताया कि वे लोग मकान बना रहे हैं। दोनों मकान के बीच में गली है। गली में दो फीट जमीन छोड़कर दीवार खड़ी की है। उसके बाद भी पन्नालाल के परिवार ने दुर्भावना रखते हुए सोमवार की शाम शराब सेवनकर गाली-गलौज की। वहीं मंगलवार की सुबह गैंती से गली तरफ की दीवार की नींव खोद रहे थे। मना करने पर पन्नालाल कुर्रे, पत्नी त्रिवेणीबाई, बेटा जितेंद्र कुर्रे, मुकेश, सोनिया, चांदनी, दौनाबाई सहित पूरा परिवार गैंती, टंगिया, चाकू, पत्थर से नारद कुर्रे, कौशल, जोगेंद्रसिंग, टिकेश्वर, कविता कुर्रे, गणेशीबाई, राजश्री पर हमला कर घायल कर दिया। लक्ष्मीकांत कुर्रे उर्फ चमन ने गणेशीबाई व कविता पर अपने इको वाहन को चढ़ाने का प्रयास किया। घटना में उसके परिवार के सभी लोगों को चोट आई है। हरिकेश के सिर में गंभीर चोट आई है। घायलों में से तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती है। बिरेझर पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

### दूसरे पक्ष की शिकायत पर अपराध दर्ज

दूसरे पक्ष के जितेंद्र कुर्रे पिता पन्नालाल 47 वर्ष ने बिरेझर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पिता पन्नालाल व चाचा नारद कुर्रे के बीच पूर्व में पैत्रिक संपत्ति का बंटवारा हो चुका है। चाचा नारद उसके घर से सटाकर मकान बना रहा है जो गली की तरफ अपनी दीवार पर डेढ़ फीट छज्जा निकल रहा है। छज्जा निकालने से मना कर पार्टीशन करने गड्ढा खोद रहा था। उसी समय टिकेश्वर कुर्रे, योगेंद्र, कौशल, हरिकेश कुर्रे पहुंचे और अश्लील गाली दे विवाद करते हुए मारपीट करने लगे। वहां से भागकर घर गया तो टिकेश्वर पीछे से आकर पीठ में चाकू मार दिया। बीचबचाव कर रहे पिता पन्नालाल के सिर पर कौशल ने टंगिया से हमला कर दिया। सोनिया के सिर पर भी पत्थर से हमलाकर घायल कर दिया। त्रिवेणी कुर्रे के साथ भी गाली-गलौज कर गला दबा दिया था। मुकेश के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने टिकेश्वर कुर्रे, कौशल कुर्रे, योगेंद्र व हरिकेश कुर्रे के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

# डिवाइडर में लगी स्ट्रीट लाइट के पोल में लगाया गया रिफेलेक्टर टेप

- रात्रि में होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रात्रि में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस द्वारा शहर से गुजरे नेशनल हाईवे के डिवाइडर में लगी स्ट्रीट लाइट पोल व डेलीनेटर पर रेडियम रिफेलेक्टर टेप लगाया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा शहर के डिवाइडर में वाहनों के टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने से रोकने के लिए बारिश के दिनों में डिवाइडर में लगी स्ट्रीट लाइट बंद हो जाती है जिसके कारण मार्ग में अंधेरा हो जाता है। रोशनी की कमी के कारण मार्ग के मध्य में बने डिवाइडर व विद्युत पोल



से वाहन टकरा जाते हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात पुलिस ने अर्जुनी मोड़ से श्यामतराई मंडी तक बने डिवाइडर के स्ट्रीट लाइट पोल व डेलीनेटर में रेडियम रिफेलेक्टर टेप लगाया गया है। रिफेलेक्टर लग जाने से अंधेरा होने के बाद भी डिवाइडर व स्ट्रीट लाइट पोल वाहन चालकों को स्पष्ट नजर आएगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से बारिश के दिनों में रात्रि के समय वाहन ओव्हरस्पीड से नहीं चलाने, डीपर लाइट के साथ वाईपर का प्रयोग करने के साथ -साथ ट्रेफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा था ज्ञापन

# श्यामतराई को बारिश में डूबने से बचाने नाली निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से लगे ग्राम श्यामतराई के रहवासी बारिश में हर वर्ष जलभराव की समस्या से परेशान रहते हैं। इस वर्ष निकासी नाली को पाट दिए जाने से ग्रामीण चिंतित थे। ग्रामीण पिछले दो माह से समस्या के समाधान के लिए एसडीएम, जिला कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। प्रशासन ने इस बात को संज्ञान में लिया और निकासी नाली की सफाई जेसीबी के माध्यम से करवा रहा है। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

ग्रामीण टीकाराम साहू, नीलकंठ साहू, रोशन साहू, पुखराज साहू, शोभिम मरकाम आदि ने बताया कि श्यामतराई बस्ती के बीच से होकर गंगरेल नहर की माइनर शाखा निकलती है। उसी नहर के नीचे से बस्ती का बरसाती पानी गांव से



बाहर निकलता है। कुछ वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग ने नाली में पाइप डालकर ऊपर से नहर का निर्माण कराया था। उक्त पाइप टूट गई है जिससे पानी गांव में रूक जाता है और जलभराव का कारण बनता है। नहर का पानी भी उसी स्थान पर गिर रहा है। अत्यधिक जलजमाव से गलियां जलमग्न हो जाती हैं। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री तक ज्ञापन भेजा था। इसके अलावा पीएम की सभा के लिए राजमार्ग 30 के किनारे मुरूम डालने से नालियां जाम हो गई थीं। ग्रामीणों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा निकासी नालियों को साफ करवाया जा रहा है। नई पाइप लगाई जा रही है।

### सामान्य प्रशासन समिति का सम्मिलन आज

**धमतरी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सम्मिलन 27 जून को सभाकक्ष में रखा गया है।

### मगरलोड कालेज में मेरिट सूची जारी

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में बीए प्रथम, बीएससी (बायो एवं गणित), बीकॉम प्रथम, एमए समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर हेतु मेरिट सूची जारी कर दी गई है। मेरिट सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक छात्र 11 से 2 बजे तक संबंधित सहायक प्राध्यापक से सम्पर्क कर समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कराकर निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश पा सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन ने दी है।

### लोन लेने वालों की संख्या बढ़ी, राशि भी ज्यादा मिलने लगी

# खेती में बढ़ी किसानों की रूचि, 138 हेक्टेयर में धान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेती में किसानों की रूचि बढ़ी है। इस साल किसान 138 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में धान की फसल लगाएंगे। इसके लिए वे खुलकर ऋण भी उठा रहे हैं। अब तक पिछले साल से ज्यादा किसान ऋण ले चुके हैं।

राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिल रहा है। इसका असर खेती किसानी में दिखने लगा है। जो किसान खेती से दूर हो रहे थे, वे भी अब खेती में रूचि लेने है। खासकर खरीफ सीजन में धान की खेती में। किसानों की रूचि को देखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने प्रति हेक्टेयर ऋण की राशि भी बढ़ा दी है। पहले सिंचित एरिया के लिए किसानों को 58 हजार रूपए ऋण दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 60 हजार रूपए कर दिया गया है। इसी प्रकार असिंचित क्षेत्र में 52 हजार रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सिंचित एरिया में दो हजार और असिंचित एरिया में एक हजार की बढ़ोतरी हुई है।



### जमकर ले रहे ऋण

इस साल खेती के लिए किसान खुलकर ऋण ले रहे हैं। पिछले साल इसी अवधि में 40303 किसानों ने 154 करोड़ 62 लाख रुपए का ऋण लिया था। इस साल अब तक 50 हजार 139 किसान 188 करोड़ से ज्यादा का ऋण ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सिंचित एरिया में खेती के लिए किसानों को 36 हजार रूपए नकद और 24 हजार रूपए के खाद बीज सहित अन्य सामग्री दी जाती है।

### बारिश का इंतजार

मानसून तो आमद दे चुका है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। उधर किसान भी खेती किसानी की तैयारी में जुट गए हैं। बारिश की कमी से उन्हें भी तैयारी पूरी करने में परेशानी हो रही है। सिंचित क्षेत्र में तो लेव्ही और रोपाई पद्धति से बोनी की तैयारी चल रही है। इसके लिए किसानों ने मोटरपंप भी चालू कर दिए हैं। असिंचित एरिया में किसान खुर्रा जुताई कर बीज छिड़काव के लिए बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं।



**खबर संक्षेप**



## तहसील कार्यालय मगरलोड के शौचालय में लटक रहा ताला

**मगरलोड।** ब्लॉक मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में विगत लंबे समय से सार्वजनिक शौचालय में ताला लटक रहा है। कार्यालय में सुबह से शाम तक सैकड़ों किसानों का आना-जाना लगा रहता है। सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि विगत दो-तीन वर्षों से सार्वजनिक प्रशासन में ताला लगा हुआ है। इन 3 वर्षों में लगभग आधा दर्जन अधिकारी आकर चले गए हैं किंतु जनहित में सार्वजनिक प्रसाधन सुविधा पर ध्यान नहीं दिया गया। मगरलोड संवाददाता द्वारा तहसील कार्यालय में सार्वजनिक प्रशासन का निरीक्षण किए जाने पर अव्यवस्था उजागर हुई है। वर्तमान में पदस्थ तहसीलदार मनोज भारद्वाज से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सार्वजनिक शौचालय प्रसाधन में कुछ खराबी आ गई है। वहां से निकलने वाली असहनीय बदबू के कारण इसे बंद किया गया है। व्यवस्था सुधारने कहा गया है।

**निधन**

### श्रीमती द्रौपदी सोनी



**धमतरी।** ब्राम्हणपारा निवासी स्व. गिरधारीलाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रौपदी सोनी 93 वर्ष का निधन हो गया। वे स्वर्णकार समाज धमतरी के उपाध्यक्ष विरेन्द्र सोनी एवं नरेन्द्र, राम, भरत, जितेन्द्र की मां एवं विक्रम की दादी थीं। अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 11 बजे निकली। उनके निधन पर स्वर्णकार समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-शांति के लिये की प्रार्थना

# उबड़-खाबड़, कच्चे रास्ते से होते हुए विधायक पहुंची अतिसंवेदनशील गांव

- करका में नवीन स्कूल भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

सिहावा विधानसभा क्षेत्र का अतिसंवेदनशील क्षेत्र व टाइगर रिजर्व का रिसगांव क्षेत्र विकास विहिन क्षेत्र है जहां न तो सड़क, बिजली है और न कोई मूलभूत सुविधाएं। रिसगांव के आश्रित ग्राम करका में नवीन स्कूल के लोकार्पण में विधायक अंबिका मरकाम पहुची।

बता दें कि यह ग्राम अतिसंवेदनशील हैं। आज तक इस ग्राम में कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। अजादी के बाद इस गांव में पहली बार विधायक पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। उन्होंने स्कूल भवन का लोकार्पण किया। गांव में विधायक ने देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर गांव में सुख शाति के लिये प्रार्थना की व देवगुड़ी के लिये भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुझे क्षेत्र की जनता ने चुना है। समस्याओं से रूबरू होकर



आमजनता के बीच आपसी संबंध स्थापित कर रही हूं। कोई भी अपनी समस्या के समाधान के लिये संकोच न करें। मैं भी समाज की हूं। नक्सलगढ़ हो या पहुंचविहीन क्षेत्र। मुझे वहां जाने से कोई नहीं रोक सकता।

ज्ञात हो कि बीते रविवार को करका से लगभग दस किमी दूर आमझर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई थी जहां एक नक्सली का एनकाउंटर भी हुआ। ऐसे में इस क्षेत्र में अधिकारी, नेता आने से परहेज करते हैं। ग्राम रिसगांव मुख्यालय से छह किमी दूर जंगल अंदर सोंढूर डैम के डुबान में बसा हुआ है। गांव तक पक्की सड़क नहीं है। ऐसे में विधायक अपनी गाड़ी से पगडण्डी रास्ते नदी नाले उबड़ खाबड़ रास्तों से ग्राम तक पहुंची।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने तत्काल गांव में देवगुड़ी की घोषणा की व भूमिपूजन भी किया। गांव में सीसी सड़क, पक्की नाली, गांव की हर छोटी छोटी समस्याओं के निदान की बात कही। ग्रामीणों ने विधायक से जल जीवन मिशन की शिकायत करते हुए कहा कि गांव में अब तक पाईप लाईन का विस्तार आधा अधूरा है। टंकी के लिये सिर्फ बेस कर छोड़ दिया गया है। गांव में एक हेण्डपंप के सहारे पेयजल मिल रहा है। दो साल से कार्य अधूरा है। क्रेडा हाईमास्ट लाइट अधूरी है। बारिश में सर्प, कीड़े मकौड़ों का डर बना रहता है।

विधायक ने बताया कि एम्बुलेंस के लिये स्वास्थ्य विभाग से बात हो गई। बीस तारीख तक पहुंचने की उम्मीद थी किंतु कोई इमरजेंसी आ गई। एक तारीख को रिसगांव क्षेत्र को एम्बुलेंस मिल जायेगी। इसके बाद भी नहीं आयेगी तो विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री से नई एम्बुलेंस की मांग की जायेगी।

## राजपुर में हुई शिवलिंग की स्थापना, निकली कलशयात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम विकास समिति द्वारा राजपुर के तिरंगा चौक आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो के पास विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना की गई। सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया। कलशयात्रा के बाद पंडित मुकेश प्रसाद दुबे ने मंत्रोच्चारण से शिवलिंग की स्थापना कराई। हवन यज्ञ, महाआरती के बाद श्रद्धालुओं द्वारा खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम, सचिव चंद्रहास ध्रुव, विजय यदु, पूनम सिन्हा, दूजराम ध्रुव, आजू यादव, जानूराम, सुंदर निषाद, फूलजी सिन्हा, कल्याण कंवर, बसंत ध्रुव, भगवंत सिन्हा, चोवा कंवर, बुद्धदेव ध्रुव, बलीराम, तेजराम सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, टिकेश यादव, राजकुमार सिन्हा, फग्गू यादव, कुलेश्वर टेलर, यादराम साहू, उमेश सिन्हा, राजू साहू, केसरी निषाद, मोना निषाद, कृष्णा सेन समेत बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाई रानी दुर्गावती की जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

आदिवासी ध्रुव गोंड़ पाली परसवानी द्वारा करेली छोटी में रानी दुर्गावती की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रानी दुर्गावती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मुड़ा अध्यक्ष मोहनलाल ध्रुव ने कहा कि रानी दुर्गावती महान योद्धा थीं। सनातन धर्म की रक्षा के लिए महिला होकर भी तलवार लेकर दुश्मनों को धाराशायी कर दिया। रानी दुर्गावती के विचारों को आत्मसात कर सनातन धर्म की रक्षा करने आगे आने की आवश्यकता है। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष सेवकराम, मुड़ा सचिव घनश्याम सहित सैकड़ों स्वजन शामिल रहे।

## खीर-पूड़ी खिलाकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गई। न्यौता भोजन के तहत खीर पूड़ी खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।

उक्त अवसर पर संकुल समन्वयक लोकेश पांडे, संकुल केंद्र के प्रधानपाठक रामेश्वर साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष भूषेण पटेल, पोषण साहू, एकनाथ साहू, दशरथ साहू, गोपेश्वर साहू, देवेंद्र पटेल, टेकराम साहू, गोविंदराम साहू, गीतांजलि साहू, बिसंती पटेल, लोकेश्वरी पटेल, हिरेंद्र साहू, भैयालाल साहू, गैदलाल पटेल, कीर्तन साहू, डाकेश्वरी पटेल, हीराबाई पटेल, खोमिन यादव, रामबगस गंगबेर, टीकाराम सिन्हा, नर्मदा साहू, जागृति महिला स्वसहायता समूह की सदस्य, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम विकास



समिति के सदस्य, अभिभावकों के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अभिभावकों के साथ बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के संबंध में चर्चा की गई साथ ही नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला गया।

## फुटपाथ में पार्किंग राहगीर हो रहे चोटिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण करने वाली कंपनी द्वारा राहगीरों के लिए फुटपाथ बनाया गया है लेकिन फुटपाथ में अधिकतर दुकानदारों ने अपनी दुकान का बोर्ड लगा दिया है। कई जगह फुटपाथ में व्यवसायिक ठेला लगाकर कर व्यवसाय किया जा रहा हैं। कई स्थानों पर दुकानदार अपना वाहन खड़ा कर देते हैं साथ ही ग्राहक भी अपना दोपहिया, चारपहिया वाहन खड़ा करके स्वल्पाहार करने चले जाते हैं जिसके कारण राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा मुनादी कर सड़क पर निर्माण सामग्री, साइन बोर्ड, दोपहिया वाहन व चारपहिया वाहन रखने पर मनाही की गई है मगर मुनादी का कहीं भी असर नहीं दिख रहा है और फुटपाथ पूरी तरह से भरा पड़ा है जिससे आए दिन राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में सीएमओ अशोक चौहान ने बताया कि मुनादी कर सड़क पर निर्माण सामग्री, साइन बोर्ड, दोपहिया वाहन व चारपहिया वाहन रखने पर मनाही की गई है। वाहन रखे जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## बारिश के पूर्व नालियों की सफाई की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा में बारिश के पूर्व नगर के प्रत्येक वार्ड की नालियों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। बरसात के दिनों में आने वाली तकलीफों से बचने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष बारिश के कारण बहुत सी तकलीफों का सामना करना पड़ा था। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर ने स्वच्छता कर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक वार्ड की नालियों की अच्छी साफ-सफाई की जाए। इसी कड़ी में पिछले 15 दिनों से नगर में स्वच्छता अभियान चलाया रहा है।

## नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर किया स्वागत

- मड़ेली में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, पुस्तकें बांटी
- कठिन परिश्रम करने से मिलती है मंजिल : शेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शास. उ.मा.वि. मड़ेली में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच शेखर साहू व विशिष्ट अतिथि दिनेश महंत, डॉ नंदकुमार साहू, गैंदू ध्रुव तथा नोडल अधिकारी हितेन्द्र कुमार विनायक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्र. प्राचार्य मनोज टंडन ने की। सुमन एवं याशिका ने सरस्वती वंदना पेश की। अतिथियों ने कक्षा 9वीं में नव-प्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गई। 9वीं से 12वीं तक 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को





प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 10वीं बोर्ड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सोनाली निर्मलकर, निधि बैस, देहुति साहू और ट्विंकल साहू को जिला-स्तर पर सम्मानित होने वाले के बाद विद्यालय परिवार ने भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस वर्ष कक्षा 12वीं में शत प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की। 10वीं का परीक्षाफल 94 प्रतिशत रहा। 10वीं और 12वीं मिलाकर कुल 75 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। इस अवसर पा मुख्य अतिथि शेखर साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करने से निश्चित रूप से मंजिल की प्राप्ति होती है। आपका साहस भरा निर्णय आपको ऊंचाई तक ले जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य ने कहा कि इस सत्र में सभी कक्षा में शत- प्रतिशत सफलता की उम्मीद करते हैं।

शाला प्रवेशोत्सव पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता संजय साहू ने मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया। आभार प्रकट हीराराम साहू ने किया। मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता निरंजन सिंह साहू, फरजाना अली, तृप्ति सोनी, मंजुलता ध्रुव, गीता यादव, रजनीश साहू, रूस्तम सिंह, चन्द्रप्रकाश देवांगन, बेदनारायण कंवर, देवेन्द्र नेताम और धर्मेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्य कुमार, सोनाली निर्मलकर, देवश्री और निधि बैस ने किया।

### हाईस्कूल खैरझिटी में शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों को खिलाई गई मिठाई

## चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा बड़ा हथियार : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय हाईस्कूल खैरझिटी मगरलोड में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी देवेंद्र कुमार नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सिंगपुर मगरलोड एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक धीरज देवांगन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पालकगणों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

नोडल अधिकारी श्री नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा का बड़ा ही महत्व है। प्रदेश स्तर पर जो यह शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है वह




अपने आप में अनूठा है। उन्होंने संघर्ष की कहानी दृष्टांत के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। बीआरसीसी देवांगन ने हाईस्कूल के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के इस गौरव को बनाए रखने हेतु नियमित रूप से विद्यालय आने एवं लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

संस्था प्रमुख टीके साहू ने कक्षा दसवीं के बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए शाला प्रबंधन समिति एवं स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कक्षा नवमीं में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें विद्यालय के नियम व अनुशासन के बारे में बताया। कार्यक्रम को ओमप्रकाश कंवर सांकरा, शाला प्रबंधन समिति पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, श्रीमती टोमेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। कक्षा नवमीं के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराया एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता शैलेंद्र पारिक, बलेंद्र साहू, श्रीमति कांति साहू, राजेंद्र साहू, शेखू साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिन्हा ने किया।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### घटुला में रानी दुर्गावती जयंती मनाई गई

**नगरी।** रानी दुर्गावती जयंती पर ग्राम घटुला के मेन चौक पर स्थित उनके छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया।

### गरीब बच्चों के लिए लगेगी निःशुल्क कोचिंग क्लास

**धमतरी।** इटरनल ग्रेस ट्रस्ट और टेंडर केयर वेल्फेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम लिमतरा और ग्राम बिरेतरा में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए कोचिंग क्लास की निःशुल्क व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता कुलेश्वर साहू की देखरेख में की गई है। इस कार्य में शिक्षक जमुना नरेटी और मोनिका निषाद अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। श्री साहू ने बताया कि जिन बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनके लिए कोचिंग क्लास शुरू की गई है। इस क्लास को शुरू करने का उद्देश्य अंग्रेजी बोलने की क्षमता और उनमें छिपी प्रतिभा को बढ़ावा देना है। पिछले सत्र में यहां कुल 15 बच्चे थे किन्तु इस सत्र में निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए 30 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है।

## निधन

### शारदा प्रसाद शर्मा



**धमतरी।** शारदा प्रसाद शर्मा स्वयंसेवक आरएसएस, पूर्व प्राचार्य नूतन स्कूल धमतरी पुत्र स्व. दुर्गाप्रसाद शर्मा ग्राम सिवनीवाले का रायपुर पुरानी बस्ती बनियापारा में 26 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज मारवाड़ी मुक्तिधाम बुढ़ापारा रायपुर में प्रातः 9.30 बजे होगा। वे प्रफुल्ल शर्मा एवं चन्द्रशेखर शर्मा बबलू के पिता थे।

### भाठागांव स्कूल के सामने सरपंच सहित पालकों ने किया हंगामा, बिल्डिंग की मरम्मत एवं पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था करने की रखी मांग

# जर्जर स्कूल भवन को लेकर फिर भड़के अभिभावक







हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लॉक के ग्राम भाठागांव में जर्जर हो चुकी स्कूल बिल्डिंग की मरम्मत एवं पर्याप्त शिक्षक तैनात करने की मांग करते थक चुके पालकों ने शाला प्रवेशोत्सव के ही दिन स्कूल गेट के सामने जमकर हंगामा किया। इसकी जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की अधिकारी से बातचीत हुई। शिक्षा अधिकारी ने लिखित आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल भवन की मरम्मत कर तैयार किया जाएगा।

बुधवार को नये शिक्षण सत्र की शुरूआत हुई। बच्चे स्कूल जाने उत्साहित थे लेकिन नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव के पालकों ने स्कूल खुलने नहीं दिया और स्कूल के मेन गेट में जमकर हंगामा किया। पालकों ने बताया कि पिछले एक साल से भवन मरम्मत की मांग की जा रही है।

स्कूल की दुर्दशा सुधारने सरपंच खेमराज चंद्राकर ने 2021 में पहला खत लिखकर भवन रिनोवेशन की मांग की थी। फिर 19 फरवरी को ताला जड़कर आंदोलन किया। अब इस भवन में बैठना तो दूर खड़े होने लायक नहीं है क्योंकि भवन की छत से प्लास्टर गिर रहा है। छड़ पूरी तरह नजर आ रहा है।

### जर्जर छत से छात्र-छात्राएं हो चुके हैं जख्मी

स्कूल की इमारत काफी जर्जर हो चुकी है। स्कूल में 5 कमरे और बच्चों की दर्ज संख्या 100 है। छत से प्लास्टर नीचे गिर रहा है जिससे कई छात्र जख्मी हो चुके हैं। पालक नौ महीने पहले भी स्कूल में ताला जड़कर सरपंच की अगुवाई में प्रदर्शन कर चुके हैं। उस समय भी जिला प्रशासन की तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिला था। साहू भवन में स्कूल लगाने एवं अतिरिक्त शिक्षक तैनात करने का वायदा कर प्रशासन भूल गया। बार-बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद आज तक बच्चों को नया भवन नहीं मिल पाया है।

### सामुदायिक भवन में लग रही थीं कक्षाएं

पालकों ने बताया कि स्कूल साहू सामुदायिक भवन में लगाया जा रहा है जिससे बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। एक ही क्लास में सभी बच्चों को बिठाया जा रहा है। नए स्कूल भवन की मांग शासन -प्रशासन से कई बार की जा चुकी है लेकिन किसी प्रकार की पहल नहीं की गई, जिस कारण हमें प्रदर्शन करना पड़ा। जिला शिक्षा अधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### 10 दिन के भीतर जर्जर छत को तोड़ा जाएगा

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने लिखित आश्वासन में कहा कि शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाठागांव की छत जर्जर होने से बच्चे नहीं बैठ पा रहे हैं। जर्जर छत को तोड़ने के बाद आगामी 10 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कार्य प्रारंभ नहीं होने पर सरपंच एवं पालक आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## सेमरा बी में शाला प्रवेशोत्सव पर बंटा गणवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शासकीय माध्यमिक शाला सेमरा बी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, शिक्षाविदों, सदस्यगणों एवं पालकों ने नवप्रवेशित छात्रों का चंदन लगाकर स्वागत किया तत्पश्चात निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। प्रत्येक बच्चे को खीर पूड़ी एवं मिठाई बांटकर प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीमती मोतिम साहू प्रधानपाठक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हलिमा बेगम अध्यक्ष, विरेंद्र सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि, शिक्षाविद बाबूलाल निर्मलकर, नरोत्तमसिंह ठाकुर, महेंद्र कुमार साहू, पुरुषोत्तम सेन, डगेश्वर प्रसाद साहू, सोनू पटेल, दुर्गा सिन्हा समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को मिला गिफ्ट



**धमतरी।** ग्राम लोहरसी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को गिफ्ट देकर उनका स्वागत किया गया।

### शरीर को मजबूत बनाने योग जरूरी

कोर्रा(भखारा)। प्राचार्य एनके देवांगन के निर्देशानुसार आस्था विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया। योगासन का प्रारंभ माता सरस्वती की वंदना प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात सूक्ष्म यौगिक व्यायाम प्राणायाम, कपालभारती, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार एवं शांति पाठ किया गया। प्राचार्य श्री देवांगन ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ है। हमें अपने शरीर को मजबूत एवं ताकतवर बनाये रखने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### विधायक ने अहाता निर्माण की घोषणा की



**पुरी।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज राज्य परगना कंडेल के पदाधिकारियों ने विधायक ओंकार साहू का स्वागत किया। चोवालाल धीवर अध्यक्ष कण्डेल परगना, सचिव भोजकुमार धीवर, दीना सार्वा उपाध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार, ग्रामीण अध्यक्ष दीनदयाल मत्स्यपाल, कुमार सार्वा, गोपाल धीवर, दिनेश ओझा, कनेश्वर, तात्याराम ने कण्डेल में सामाजिक भवन के लिए अहाता की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जिस पर ओंकार साहू ने सहमति देकर अहाता निर्माण की घोषणा की।

### किताबें पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिले



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा में उल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों को किताबें वितरित की गई। इससे विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। इस अवसर पर संकुल समन्यक जेके साहू, प्रधानपाठिका सुश्री सोहद्रा तारक, डुमनलाल बंजारे, रुसेंद्र तारक एवं पंच प्रभा लहरे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता मिरे, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष अम्पेलाल बांधे, रसोइया मैना बाई साहू, बृजबाई लहरे, चपरासी हीराराम एवं वेदिक बाई साहू, आकाश साहू, चुमेन्द साहू शामिल हुए।

### छात्रों को बांटी गई पुस्तकें



**बगदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बुधवार को शाल प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से किया गया। मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी कुंती देवांगन मनरेगा विभाग अधिकारी थीं। विशिष्ट अतिथि सरपंच रामपुर, पंचगण, गणमान्य नागरिक, हेडमास्टर माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला थे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल ने की। सभी छात्रों को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। सभी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं मिठाई - चाकलेट बांटी गई। नोडल अधिकारी ने छात्रों को संबोधित किया। प्राचार्य आरके बघेल ने आभार व्यक्त किया।

### संशिम छाती में मना शाला प्रवेश उत्सव



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय छाती में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। भारत माता, सरस्वती माता के छायाचित्रों की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के छात्रों को विद्यालय के सचिव ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री के संदेश पत्र का वाचन किया गया। छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि डॉक्टर कश्यप थे। यह जानकारी विद्यालय के सचिव नरेंद्र साहू छाती ने दी है।

### बच्चों ने उत्साह से किया योग

सिर्री। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला गोजी में योग और प्राणायाम कराया गया। द आर्ट ऑफ लिविंग की इंदु साहू ने योग सिखाया। बच्चों ने भी उत्साह से योग किया।

## मेनोनाईट स्कूल के मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** मिशन अव्वल जिला धमतरी के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इस सम्मान समारोह में जिले के समस्त विद्यालयों के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मेनोनाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्रों को भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ जीवन मूल्यों हेतु उपयोगी पुस्तक प्रदान की गई। इस सम्मान समारोह के आयोजन से अभिभावक एवं सफल छात्रों ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्राथमिक मध्यमिक शाला रतावा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अक्षत, गुलाल लगाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मिठाई खिलाकर नए बच्चों को पुस्तक, बैग तथा शाला गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि गिरजा देव सरपंच ग्राम पंचायत थे। अध्यक्षता पुनीत सलाम अध्यक्ष शिक्षा समिति रतावा ने की। विशेष अतिथि देव जनपद सदस्य नगरी, खुशीराम नाग पूर्व सरपंच, पुष्पदेव ठाकुर, हरक निषाद, दशरथ सलाम, नेहरु नाग, जगदीश नेताम, हरि पटेल, जीतू राणा, शिवराम टाकरी, हेमू बाई नेताम, सुखबती मरकाम, सावित्री नेताम, मोहित मंडावी, फुलेश्वरी नेताम, राधाबाई यादव, शिक्षक पी कश्यप, उमेंद सिंह मरकाम, श्रीमती सोम मैडम थे।

## छात्र- छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

माध्यमिक विद्यालय दुगली व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों एवं शाला समिति के सदस्यों ने नवप्रवेशित छात्र- छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। बच्चों को मिष्ठान्न खिलाकर ,पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एचएल कोमरे अनुविभागीय अधिकारी एरिगेशन, शाला प्रबंधन अध्यक्ष अनूप वट्टी, रमेश वट्टी, संकुल समन्वयक राजेश ध्रुव प्रधानपाठक पवन साहू, प्राचार्य अजय ग्वाल, व्याख्याता शैलेंद्र कौशल, राजेंद्र नेताम, मोहन चौरसिया, पवन साहू, डीएस नेताम, रूपा यादव, भावना सोरी, वर्षा रंगारी, भोज सोनवानी, वरुण देव नेताम समेत अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## संजय नगर में शाला प्रवेश उत्सव मना



**कुरुद।** शासकीय माध्यमिक शाला संजय नगर कुरूद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत पार्षद एवं सभापति मनीष साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू एवं संतोष प्रजापति थे। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर बच्चों को तिलक व मुंह मीठा कराते हुए शाला प्रवेश कराया गया। बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीराम सिन्हा शिक्षक, उत्तम लाल साहू, मरियम शेख, भावेश चन्द्रवंशी, लक्ष्मी नारायण धुव, जसवंत साहू एवं पालकगण उपस्थित थे।

## सांकरा हाईस्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल सांकरा पी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नोडल अधिकारी शोभा ठाकुर ने बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा एवं वंदना से की गई।

मौके पर समिति के अध्यक्ष सचिंद्रनाथ सोनवानी, पूर्व अध्यक्ष आगेश्वर साहू, पूर्व सरपंच अनिल ध्रुव, प्राचार्य भीखम साहू, शिक्षक बलेश कुमार साहू, देवकुमार यादव, श्रीमती किरण चंद्राकर, ममता केरकेट्टा, श्रद्धा गुगेल मौजूद थे।

## तिलक लगाकर नवप्रवेशित छात्रों का किया अभिनंदन

- तहसीलदार ने बच्चों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शीतलादेवी शासकीय हाईस्कूल घठुला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजन के बाद अतिथियों एवं अभिभावकों ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। बच्चों को मिष्ठान्न खिलाकर, पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बेलरगांव अनुज पटेल ने बच्चों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उपसरपंच मोनू साहू नेबच्चों को भय रहित पढ़ाई करने पर जोर दिया। अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य राजेश तिवारी ने पढ़ाई के साथ साथ स्काउट गाईड, खेलकूद, रेड्क्रास, योग पर भी सक्रिय रहने का सन्देश दिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बेलरगांव तहसीलदार अनुज पटेल, घठुला उपसरपंच मोनू साहू, पटवारी विवेक जैन, प्रधानपाठक नरेश कौशल, समन्वयक संजय रेड्डी, व्याख्याता ओपी साहू, सीएल साहू, एचके जांगड़े, एके धुव, केसी नेताम, एसके यादव समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- टीबी, सिकलिन, बीपी, शुगर की हुई जांच



ग्राम पंचायत अटंग के पंचायत भवन में पिरामल फाउंडेशन और स्वास्थ्य टीम के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें टीबी, सिकलिन, शुगर, बीपी की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया। बीपी जांच 85, शुगर जांच 85, टीबी जांच 85 और सिकलिन जांच 31 लोगों ने कराई। इस अवसर पर सुषमा आत्मने पिरामल फाउंडेशन, दुर्गेश्वरी साहू सीएचओ, अनुराधा ध्रुव आरएचओ, जानू साहू आरएचओ, भास्कर तारक, डिगेंद्र तारक, महेश्वरी चंद्राकर सरपंच, जगमोहन सेन, चंदन सेन, रोशन चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि, रेवती साहू, झगरू साहू, कुंती पटेल, इंदल बाई साहू, बिश्वासा बाई, गजा बाई, चित्ररेखा चंद्राकर, नीलम साहू, मितानिन प्रीति शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, यशोदा तारक, दीपिका, रामेश्वरी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सटेली में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला सटेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करके निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने कहा कि बच्चे हमारे आनेवाले कल के भविष्य है एवं भविष्य के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलराम तेपरिया एवं ग्राम के पालक सुरेंद्र राना, उमेशवरी, रामबत्ती राना, श्यामा राना, बारला और समस्त शिक्षक प्रधान पाठक जितेन्द्र नायक, सहायक शिक्षक राकेश गावड़े, देवेन्द्र ठाकुर एवं छात्र-छात्राएं समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाया हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम मरोड़ा बांदे निवासी 32 वर्षीय जगतराम पुड़ो पिता अंकालूराम पुड़ो का ईलाज के लिए 25 जून को दोपहर करीबन 3 बजे निजी अस्पताल पखांजुर में भर्ती किया गया था। मरीज ईलाज के दौरान अस्पताल से निकलकर नया बस स्टैंड प्रतीक्षालय के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। पुलिस के अनुसार मृतक के द्वारा जहर का सेवन किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### शराब पीने की सुविधा दी, एक युवक पकड़ाया

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम इरपानार निवासी 25 वर्षीय मनोज शील पिता स्व. शानू शील को पुलिस ने 25 जून को शाम करीबन 4 बजकर 10 मिनट बजे सेलून दुकान के सामने अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पाया गया। पुलिस ने आरोपी को दबोचते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया।

### प्रवेश चयन परीक्षा तीन व 5 जुलाई को

**कांकेर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के नरहरपुर में संचालित 100 सीटर्स शासकीय आदिवासी नवीन बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 04 एवं 05 जुलाई को प्रातः 08 बजे से होगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, हैण्डबॉल एवं तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण विधा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। राज्य के किसी भी विद्यालय में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत छात्र जिनकी आयु 21 दिसम्बर 2024 को 18 वर्ष से कम हो, वे नवीन बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के 100 छात्रों का चयन 10 बैटरी टेस्ट से मूल्यांकन किया जाएगा।

### ग्रामीण शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बड़े धराऊर में शिक्षा सत्र 2023- 24 में 6 से 14 वर्ष के कोई भी छात्र छात्रा शाला प्रवेश से वंचित न रह सके इसको लेकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के द्वारा किया गयाजागरूकता कार्य प्रवेश उत्सव के दिन दिखाई दे रहा था। जंहा पालक अपने बच्चों को प्रवेश दिलवाने स्कूल तक लेकर आए। प्राथमिक बड़े धराऊर में पत्रकार प्रकाश रावल के मुख्य आथित्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। रावल ने टीका लगाकर नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को प्रवेश दिलवाया।

### तहसील राजस्व शिविर में 51 प्रकरणों का निपटारा

**कांकेर।** किसानों के नामांतरण, बंटवारा, खसरा बी वन में त्रुटि सुधार एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया और किसानों की समस्याओं का निराकरण किया गया। तहसील कांकेर में आयोजित राजस्व शिविर में 51 प्रकरणों का निपटारा किया गया।

---

बेतरतीब ट्रैफिक अव्यवस्था से लोगों को नहीं मिल रही निजात

# सदर चौड़ीकरण की फाइल कई बार खुली पर योजना धरातल पर नहीं उतरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सदरबाजार की स्थिति इन दिनों नाजुक बनी हुई है। घड़ी चौक से लेकर रामबाग तक संकरा मार्ग होने की वजह से हरपल जाम की स्थिति रहती है। बेतरतीब ट्रेफिक की वजह से इस मार्ग की सीरत और सूरत ही बदल गई है। चौड़ीकरण के अभाव में वाहनें सड़क के आधे हिस्से में खड़े रहते हैं। नो पार्किंग बोर्ड के बाद भी चारपहिया वाहनें जाम का कारण बनते हैं। दुकानों का सामान सड़क तक बिखरने की वजह से यातायात में बाधा आती है। विगत 20 वर्षों से चौड़ीकरण की मांग ठंडे बस्ते में चली गई है। फाइल खोलने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर हो जाता है या उनको चुप करा दिया जाता है। नतीजन सदरबाजार की स्थिति सुधर नहीं पाई। यह मार्ग अब संकरी गली बनकर रह गया है।

बेतरतीब ट्रेफिक की वजह से व्यापार चौपट हो गया है। विगत 20 वर्षों की लंबी अवधि में सूबे का शासन कई बार बदल गया। दर्जनों अधिकारियों का ट्रांसफर हो गया। शहर के नागरिक हो हल्ला करते रहे। आम आदमी ट्रेफिक को लेकर परेशान दिखते गए लेकिन पिछले दो दशक से सदर मार्ग का चौड़ीकरण नहीं हो सका। यह कहना शहर के नागरिकों का है जो सदर में निवास करने के बाद भी उन्हें मजबूरन संकरी गलियों में रहना पड़ता है।

#### दर्जनों स्थानों पर जाम की स्थिति

घड़ी चौक से लेकर रामबाग तक दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। सदर मार्ग में गोलबाजार, मठ मंदिर, चमेली चौक, कचहरी चौक, गणेश चौक ये ऐसे प्वाइंट हैं जहां हर पल जाम लगा रहता है। दोपहिया, चारपहिया, तीन पहिया वाहनों की संख्या शहर में तेजी से बढ़ी है। प्रवेश निषेध के बाद भी चारपहिया वाहनें जाम का कारण बनते हैं जिसे खुलने में 20-30 मिनट का समय लगता है। ट्रेफिक जवान इस दौरान नदारद रहते हैं।

#### कुछ लोग नहीं चाहते चौड़ीकरण हो

सदर मार्ग के कुछ निवासी ऐसे हैं जो चौड़ीकरण नहीं चाहते इसलिए फाइल खुलते ही रायपुर दिल्ली तक पहुंचकर योजना को ठंडे बस्ते में डलवा देते हैं। ऐसा कई बार हो चुका है। नाप जोख शुरू होते ही हाई एप्रोच का सहारा लेकर काम रूकवा देते हैं। ऐसे वे लोग हैं जो वाकई में अतिक्रमण कर मकान दुकान बना लिए हैं जिनके पास चौड़ीकरण के बाद जमीन ही बनी बचेगी और उन्हें पलायन करना पड़ेगा। ऐसा कहना सदर मार्ग के निवासियों का है। नाम नहीं छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि पिछले बीस वर्ष में चौड़ीकरण का जिन्न बोतल से कई बार बाहर निकला है लेकिन आधे अधूरे काम के बाद योजना रूक जाती है। सदर मार्ग के 75 प्रतिशत से अधिक व्यापारी चौड़ीकरण चाहते हैं ताकि व्यापार, व्यवसाय पहले की भांति फल फूल सके। संकरा मार्ग के कारण ग्राहक यहां आने से कतराते हैं और सामान खरीदने आउटर इलाकों में चले जाते हैं।

#### दुकानों का सामान सड़क तक

सदर मार्ग वैसे भी संकरा है। इस हालत में कुछ व्यापारी अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर रखते हैं। इसके अलावा स्वयं का दोपहिया वाहन व ग्राहकों का वाहन दुकानों के समीप खड़े होने के कारण आधा सड़क पर कब्जा हो जाता है। नतीजन ट्रेफिक जाम की स्थिति बन जाती है।

#### विकास के लिए सदर का चौड़ीकरण जरूरी

शहर के प्रमोद यदु, मयंक पटेल, नितिन दास, प्रणव जैन, नितिन आहूजा आदि का कहना है कि सदर मार्ग का कायाकल्प करने शासन-प्रशासन को सामने आना चाहिए। समस्या को संज्ञान में लेकर चौड़ीकरण, पार्किंग की दिशा में प्रयास होना चाहिए। इसके लिए सदर मार्ग के निवासी की सहमति लेकर उचित मुआवजा प्रदान कर चौड़ीकरण करना चाहिए। शहर विकास के लिए चौड़ीकरण ही एकमात्र साधन है जिससे व्यापार व्यवसाय भी फलेगा। ट्रेफिक दबाव कम होगा। लोगों को आवागमन में सुविधाएं मिलेंगी।

---

## प्रवेशोत्सव पर खीर, पूड़ी, केला का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनके हाथों की छाप लेकर पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। बच्चों को न्योता भोजन में प्रथम दिवस खीर, पूड़ी, केला, जलेबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों ने पौधरोपण भी किया।

मौके पर समिति के अध्यक्ष लुकेन्द्रचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीमती गंगा सारथी, मोहित कुमार ध्रुव, सुकालू यादव, तामेश्वर गजेन्द्र, फूलचंद सिन्हा, श्रीमती सेनू साहू, श्रीमती कौशिल्या ध्रुव, श्रीमती दूजबाई, श्रीमती पूजा खुंटे, श्रीमती ज्योति ध्रुव, श्रीमती प्रेमलता मीनपाल, शाला के प्रधानपाठक एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## प्राथ. व माध्यमिक शाला गोरेगांव में शाला प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्राथमिक-माध्यमिक शाला गोरेगांव में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि मालती बाई ध्रुव सरपंच गोरेगांव थीं। अध्यक्षता कौशलप्रसाद साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव ने की। विशिष्ट अतिथि धनेश्वरी अटलखाम उपसरपंच थी। अतिथियों एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमीचंद साहू, ओमप्रकाश नेताम ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया। इस अवसर पर बच्चों को खीर पूड़ी, मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया।



इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मालती बाई ध्रुव ने नए बच्चों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उपसरपंच धनेश्वरी अटलखाम ने बच्चों को अनुशासन के बारे में प्रेरित किया। केपी साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव ने शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन पर प्रकाश डाला व अपने गुरु, माता-पिता के बताए हुए मार्ग पर चलने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक राकेश कोसरिया, ऋषिकेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमीचंद साहू, ओमप्रकाश नेताम, परऊराम यादव, सायंती सरकार, ईश्वरी ऐल्मा गंगा यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन चुलेश्वरी साहू प्रधानपाठिका ने किया।

## सेमरा मानस शक्ति केंद्र में पदाधिकारी मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


- अध्यक्ष टीकाराम व उपाध्यक्ष रोशन बने

मानस शक्ति केन्द्र सेमरा (बारना) की बैठक ग्राम दोनर के चन्द्राकर भवन में संरक्षक माखनलाल साहू की अध्यक्षता में हुई जिसमें पदाधिकारियों का चयन एवं मनोनयन किया गया।

निर्वाचन अधिकारी हुमन चन्द्राकार एवं खेदन निषाद राजमानस संघ थे। संरक्षक माखनलाल साहू एवं रूपचंद साहू, सलाहकार हरखराम निषाद, डेरहूराम साहू एवं हिरमेश्वरी साहू, अध्यक्ष टीकाराम साहू, उपाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर, सत्यवान साहू एवं भीखम साहू, सचिव रामनारायण साहू, सहसचिव परीक्षित तारक, कोषाध्यक्ष नरोत्तम पटेल, संगठन मंत्री शत्रुघन राजपूत, प्रचार मंत्री थनवार साहू, मीडिया प्रभारी गौतम यादव चुने गए। इस अवसर पर टिकेश्वर विश्वकर्मा, श्रवण, टेकराम साहू, हेमंत प्रजापति, विनय साहू एवं बाबूलाल साहू उपस्थित थे।

---

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बाल-बाल बचे पूर्व पार्षद



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

26 जून की दोपहर के बाद धमतरी क्षेत्र में मौसम बदलने लगा। बादल घिरने लगा था। कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बारिश भी शुरू हुई। ग्राम अरौद के पोल्ट्री फार्म में धमतरी नगर निगम के पूर्व पार्षद अशोक सिन्हा मौजूद थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिर गई। इससे बिजली के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में वे बाल-बाल बच गए।

पूर्व पार्षद अशोक सिन्हा ने बताया कि बुधवार को अरौद स्थित



अपने पूनम पोल्ट्री फार्म के शेड में थे। इसी दौरान लगभग 3:30 बजे मौसम परिवर्तन के साथ तेज गरज-चमक शुरू हो गई तभी एक तेज बिजली कड़की और उनके शेड में आ गिरी। कुछ देर तक उनको कुछ भी समझ नहीं आया। जब देखा तो बिजली के सारे उपकरण जल गए थे। बिजली कहां पर गिरी यह स्पष्ट नहीं हो पाया। लेकिन कुछ देर तक सहम गए थे। एग्जास्ट, पंखा, मीटर, सीसी कैमरा, वाई फाई सब उड़ गए। बिजली मिस्त्री को बुलाकर उन्होंने पूरे उपकरण को दिखाया। वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के 1000 कार्यकर्ता गौवंश संरक्षण के लिए राजधानी रायपुर के सिटी कोतवाली में गिरफ्तारी देने पहुंचे। उन्होंने गौ माता को राजमाता का दर्जा देने, बजरंग दल के निर्दोष साथियों को आरंग पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, उन्हें तत्काल छोड़ने की मांग की।




## असामाजिक तत्वों के खिलाफ साहू समाज हुआ लामबंद



- कलेक्टर एवं पुलिस प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्रामीण साहू समाज छाती ने समाज में शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने की मांग कलेक्टर और पुलिस प्रशासन से की है।

समाज के लोगों ने बताया कि ग्राम छाती में साहू समाज दूसरा सबसे बड़ा समाज है। गांव में शांति व्यवस्था के साथ सभी समाज के साथ आपसी भाइचारे के साथ मिलजुल रहते हैं। लेकिन समय समय पर अपने ही समाज के कुछ व्यक्तियों द्वारा साहू समाज पर निराधार आरोप लगाकर समाज को बदनाम करने और नीचा दिखाने का प्रयास किया जाता रहा है। इससे साहू समाज के अलावा पूरे गांव में तनाव की स्थिति, शांति भंग होने और किसी अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी रहती है।

आज से कुछ वर्ष पहले भी उसी व्यक्ति द्वारा साहू समाज पर पुलिस प्रशासन में अनावश्यक शिकायत करके तनाव की स्थिति, शांति भंग करने का प्रयास किया जा चुका है। आज फिर कलेक्ट्रेट जनदर्शन में निराधार आरोप लगाकर साहू समाज को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा समाज प्रमुखों के साथ मारपीट, गाली गलौज की गई है एवं उनकी लड़की को भगाने में समाज के लोगों का हाथ होना बता रहा है जबकि वह व्यक्ति कई बार सामाजिक बैठक में भी स्वीकार कर चुका है कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं रहती।

## हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में मना शाला प्रवेशोत्सव



- एसडीएम ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एसके सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन निर्माण उपसंभाग नगरी के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सरपंच धुरसिंह ध्रुव, उपसरपंच चंद्रकिरण नेताम, वरिष्ठ नागरिक संतराम मरकाम, ठाकुरराम निषाद, खुमेन्द्र, संजय सेन, कुन्ती की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया। अनुविभागीय अधिकारी का स्वागत पुष्पगुच्छ से प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने किया। अनुविभागीय अधिकारी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गई। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। संतराम मरकाम ने बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि प्रदान की। प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने भी विद्यार्थियों को प्रतिदिन शाला आने व अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने किया। कार्यक्रम में समन्वयक शिवकुमार साहू, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, जीवनलाल साहू, प्रदीप चन्देल, देवेन्द्र साहू, निकिता तम्बोली, हिना मंडावी, भगतराम मंडावी, भावना रामटेके भागीरथी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

बहुमंजिला पीएम आवास के रहवासी सुविधाओं के लिए महापौर से मिले

# बिजली, पानी, शौचालय, सड़क के लिए छह माह से तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के रेलवे स्टेशन वार्ड के प्रभावित परिवार महिमासागर वार्ड स्थित अधूरे बहुमंजिला पीएम आवास में रहने को तो चले गए लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस आवास में शिफ्ट हुए उन्हें 6 माह हो गए हैं। असुविधाओं के अभाव में जैसे तैसे दिन काट रहे हैं। बिजली, पानी, शौचालय, सड़क, सफाई के बिना जीवन कठिन हो गया है। लोगों को शौच के लिए दूर स्थान जाना पड़ता है। पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सफाई के अभाव में जहरीले जीव जन्तु आसपास मंडराते रहते हैं।




निगम पहुंचे सोहद्रा बाई, प्रमिला बाई, धनेश्वरी, कुंती बाई, अनीता बाई, प्रभा बाई, मीनू बाई, निर्मला, बसंती बाई आदि ने महापौर विजय देवांगन के कक्ष में मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई और सुविधाएं देने की मांग की। महापौर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को सुविधा मुहैया कराने निर्देश दिए।

विदित हो कि रायपुर से धमतरी तक बड़ी रेललाइन बनाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। धमतरी स्टेशनपारा में रेलवे की जमीन पर काबिज लोगों को जमीन खाली करने दर्जनों बार नोटिस दिया जा चुका है। बलपूर्वक तोड़-फोड़ की कार्रवाई होने के डर से यहां के कुछ परिवार महिमासागर वार्ड स्थित अधूरे बहुमंजिला पीएम आवास में शिफ्ट हो गए हैं। शिफ्टिंग के बाद भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। स्वयं के निजी खर्च पर खिड़की, दरवाजे, प्लास्टर आदि का कार्य किए हैं। अब बिजली, पानी, सफाई, सड़क के लिए निगम पहुंचकर महापौर से फरियाद कर रहे हैं। उनका कहना है कि सामने 4 माह बारिश का मौसम है। सुविधाएं नहीं मिलने से उनका जीवन नारकीय हो जाएगा। महापौर विजय देवांगन ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बिजली, पानी की सुविधा दी जाएगी।

